an>

Title: Regarding opening of old Sadar Hospital of Buxar, setting up a Trauma centre and medical college at Buxar and providing compensation to the family of lawyer killed.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र बक्सर शहर में पुराना सदर अस्पताल को विगत पांच वर्षों से बंद करके शहर से काफी दूर सुनसान जगह में नया सदर अस्पताल स्थापित किया गया है, जिससे शहरवासियों को चिकित्सा कराने में भारी संकट का सामना करना पड़ता है। विशेषकर रात्रि में अचानक तबीयत खराब होने या दुर्घटनाग्रस्त लोगों को एवं महिलाओं को प्रसव के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है।

महोदय, विगत 27 नवम्बर को बक्सर के अधिवक्ता श्री प्रेम प्रकाश सिन्हा की बेटी के साथ छेड़छाड़ करने के प्रतिकार करने के बाद अपराधियों ने उन्हें गोली मारकर घायल कर दिया एवं अस्पताल दूर रहने के कारण उनका समय पर समुचित उपचार नहीं होने से बाद में उनकी मृत्यु हो गई, जिससे जनाक्रोश व्याप्त है।

अतएव राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार से पुराने सदर अस्पताल, बक्सर में एक अत्याधुनिक सुविधा एवं विशिष्ट चिकित्सक युक्त "शहरी स्वास्थ्य केंद्र" खोलकर समुचित चिकित्सा व्यवस्था शहरवासियों को मुहैया कराने का आग्रह करता हूं। इसके साथ ही, बक्सर-भोजपुर, शाहाबाद क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग गंभीर रोग एवं दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद सघन चिकित्सा हेतु बनारस स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जाते हैं। इस संस्थान की शाखा बक्सर में खोलकर सुपर स्पेशियलिटी सुविधा मुहैया कराई जाए। साथ ही, केन्द्रीय सहायता से एक ट्रोमा सेंटर सहित मेडिकल कालेज की स्थापना बक्सर में शीघ्र कराई जाए। इसके अतिरिक्त प्रशासन एवं राज्य सरकार की गलती के कारण अधिवक्ता की हुई हत्या के लिए उनके आश्रितों को 50 लाख रुपये का मुआवजा तथा उनकी विधवा पत्नी को एक सरकारी नौकरी प्रदान करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए।